रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8
No. of printed pages : 8

102

402 (IKZ)

# 2024

# हिन्दी

## (केवल कृषि वर्ग भाग-II के लिए)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न पत्र में **दो** खण्ड '**अ**' और '**ब**' हैं। दोनों खण्डों के **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रश्नों के उत्तर यथासम्भव क्रमवार दीजिए।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

### खण्ड – 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

सामाजिक समानता से अभिप्राय है कि सामाजिक क्षेत्र में जाति, धर्म, व्यवसाय, रंग आदि के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। सबको समान समझा जाए और सबको समान सुविधाएँ दी जाएँ। हमारे देश में सामाजिक समानता का अभाव है। जाति-प्रथा के कारण करोड़ों व्यक्ति समाज में अछूत के रूप में रहते हैं। उन्हें समाज से बहिष्कृत समझा जाता है और सामाजिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया है। हमारे समाज में लड़कियों के साथ भी भेदभाव बरता जाता है। माता-पिता भी उन्हें वे सुविधाएँ नहीं देते, जो वे अपने लड़कों को देते हैं। इस प्रकार की असमानता से बहुत-सी लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुचारू रूप से नहीं हो पाता। इससे समाज की उन्नति में बाधा पड़ती है। इस प्रकार की असमानता का दूर होना आवश्यक है। नागरिक समानता का अर्थ है कि राज्य में नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हों। कानून और न्यायालयों में गरीब-अमीर और ऊँच-नीच का कोई भेद न किया जाए। दंड से कोई अपराधी बच न सके। उसी प्रकार राज्य के प्रत्येक नागरिक को राज्य-कार्य में समान रूप से भाग लेने का, मत देने का, सरकारी नौकरी प्राप्त करने का तथा राज्य के ऊँचे-से ऊँचे पद को अपनी योग्यता के बल पर प्राप्त करने का अधिकार राजनैतिक समानता का द्योतक है।

(क) सामाजिक समानता से क्या अभिप्राय है? 2

(ख) जाति प्रथा का दुष्परिणाम क्या है? 2

(ग) लड़कियों के शारीरिक विकास और मानसिक उत्थान में क्या बाधाएँ हैं? 2

(घ) 'दंड से कोई अपराधी बच न सके' यह किस समानता के अन्तर्गत आता है? 2

(ङ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 2



Download from www.cclchapter.com

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए - 8

(क) नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति

(ख) राष्ट्र-निर्माण में युवा शक्ति का योगदान

(ग) शिक्षा में खेल-कूद का स्थान

(घ) इक्कीसवीं सदी का भारत

3. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए- 1×5=5

(क) जनसंचार के आधुनिक माध्यमों में सबसे प्राचीन माध्यम है-

(i) रेडियो (ii) टेलीविजन

(iii) मुद्रित माध्यम (iv) इण्टरनेट

(ख) मुम्बई में 'टाइम्स ऑफ इण्डिया' ने डाक-तार विभाग के सहयोग से पहला संगीत कार्यक्रम कब प्रसारित किया-

(i) सन् 1921 (ii) सन् 1936

(iii) सन् 1946 (iv) सन् 1993

(ग) सम्पादकीय लेखन का उत्तरदायित्व होता है-

(i) पत्रकार का (ii) सम्पादक का

(iii) लेखक का (iv) व्यक्ति विशेष का

(घ) निम्न में से कौन जनसंचार का माध्यम नहीं है-

(i) साक्षात्कार (ii) टेलीफोन

(iii) टेलीविजन (iv) समाचार पत्र

(ङ) समाचार लेखन की सबसे उपयोगी और लोकप्रिय शैली है-

(i) सीधा पिरामिड शैली (ii) संक्षेप शैली

(iii) उल्टा पिरामिड शैली (iv) कथा शैली

4. 'लगातार बढ़ती मँहगाई से जनता में फैले असंतोष' पर लगभग 150 शब्दों का आलेख तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

विद्यालय में 'रक्तदान शिविर' पर 150 शब्दों का एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए।



Download from www.cclchapter.com

5. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1+1=2

हे भूख! मत मचल
प्यास, तड़प मत
हे नींद! मत सता
क्रोध, मचा मत उथल-पुथल
हे मोह! पाश अपने ढील
लोभ, मत ललचा
हे मद! मत कर मदहोश
ईर्ष्या, जला मत
ओ चराचर! मत चूक अवसर
आई हूँ संदेश लेकर चन्नमल्लिकार्जुन का

(क) कवयित्री ने किन-किन को सम्बोधित किया है?

(ख) कवयित्री चराचर जगत को क्या प्रेरणा देती है?

(ग) कवयित्री किसकी भक्त है? अपने आराध्य को प्राप्त करने का उसने क्या उपाय बताया है?

6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1+1=2

नभ में पाँती-बँधे बगुलों के पंख,
चुराए लिए जातीं वे मेरी आँखें।
कजरारे बादलों की छाई नभ छाया,
तैरती साँझ की सतेज श्वेत काया।
हौले हौले जाती मुझे बाँध निज माया से।
उसे कोई तनिक रोक रक्खो।
वह तो चुराए लिए जाती मेरी आँखें
नभ में पाँती-बँधी बगुलों की पाँखें।

(क) इस काव्यांश के कवि तथा कविता का नाम लिखिए।

(ख) आकाश में किसकी पंक्ति बँधी है? वह क्या चुरा ले जा रही है?

(ग) कवि को अपनी माया में कौन बाँध रहा है?



Download from www.cclchapter.com

7. निम्नलिखित काव्यांशों का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए- 2+2=4

(क) जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटे अगिनी न काटै कोई।
सब घटि अंतरि तूँही व्यापक धरै सरूपै सोई।।

(ख) आँगन में ठुनक रहा है जिदयाया है
बालक तो हई चाँद पै ललचाया है
दर्पण उसे दे के कह रही है माँ
देख आईने में चाँद उतर आया है।

8. (क) 'घर की याद' कविता में मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को परिताप का घर क्यों कहा है? 2

**अथवा**

मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती है? वह रूप कैसा है?

(ख) 'कैमरे में बंद अपाहिज' करूणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है- उक्त कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। 2

**अथवा**

'सबसे तेज बौछारें गयीं, भादो गया' के बाद प्रकृति में जो परिवर्तन कवि ने दिखाया है, उसका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1+1=2

मियाँ नसीरूद्दीन ने आँखों के कंचे हम पर फेर दिए। फिर तरेरकर बोले- 'क्या मतलब? पूछिए साहब-नानबाई इल्म लेने कहीं और जाएगा? क्या नगीनासाज़ के पास? क्या आईनासाज़ के पास? क्या मीनासाज़ के पास? या रफूगर, रँगरेज़ या तेली-तंबोली से सीखने जाएगा? क्या फ़रमा दिया साहब-यह तो हमारा खानदानी पेशा ठहरा। हाँ, इल्म की बात पूछिए तो जो कुछ भी सीखा, अपने वालिद उस्ताद से ही। मतलब यह कि हम घर से न निकले कि कोई पेशा अख्तियार करेंगे। जो बाप-दादा का हुनर था वही उनसे पाया और वालिद मरहूम के उठ जाने पर आ बैठे उन्हीं के ठीये पर!'

(क) नसीरूद्दीन ने लेखिका की ओर आँखे तरेरकर क्यों देखा?

(ख) मियाँ नसीरूद्दीन के खानदान का पेशा क्या था? उन्होंने अपनी आजीविका के लिए कौन-सा धंधा अपनाया?

(ग) नसीरूद्दीन ने नानबाई का कार्य किससे सीखा था?



Download from www.cclchapter.com

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1+1=2

दूसरे दिन तड़के ही सिर पर कई लोटे औंधा कर उसने मेरी धुली धोती जल के छींटों से पवित्र कर पहनी और पूर्व के अंधकार और मेरी दीवार से फूटते हुए सूर्य और पीपल का, दो लोटे जल से अभिनंदन किया। दो मिनट नाक दबाकर जप करने के उपरांत जब वह कोयले की मोटी रेखा से अपने साम्राज्य की सीमा निश्चित कर चौके में प्रतिष्ठित हुई, तब मैंने समझ लिया कि इस सेवक का साथ टेढ़ी खीर है। अपने भोजन के संबंध में नितांत वीतराग होने पर भी मैं पाक-विद्या के लिए परिवार में प्रख्यात हूँ और कोई भी पाक-कुशल दूसरे के काम में नुक्ताचीनी बिना किए रह नहीं सकता। पर जब छूत पाक पर प्राण देने वाले व्यक्तियों का, बात-बात पर भूखा मरना स्मरण हो आया और भक्तिन की शंकाकुल दृष्टि में छिपे हुए निषेध का अनुभव किया, तब कोयले की रेखा मेरे लिए लक्ष्मण के धनुष से खींची हुई रेखा के सामने दुर्लंध्य हो उठी। निरूपाय अपने कमरे में बिछौने में पड़कर नाक के ऊपर खुली हुई पुस्तक स्थापित कर मैं चौके में पीढ़े पर आसीन अनधिकारी को भूलने का प्रयास करने लगी।

(क) रसोईं में जाने से पहले भक्तिन ने क्या-क्या किया?

(ख) लेखिका स्वयं को किस क्षेत्र का विशेषज्ञ मानती है?

(ग) महादेवी को भक्तिन से निपटना टेढ़ी खीर क्यों लगा?

11. 'नमक का दारोगा' कहानी का कौन सा पात्र आपको सर्वाधिक प्रभावित करता है और क्यों? 2

**अथवा**

'भारत माता' के प्रति नेहरू जी की क्या अवधारणा थी?

12. 'गगरी फूटी बैल पियासा' इंदर सेना के इस खेल गीत में बैलों के प्यासा रहने की बात क्यों मुखरित हुई है? 2

**अथवा**

लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत (संन्यासी) की तरह क्यों माना है?

13. चेजारो अपने सिर की रक्षा कैसे करते हैं? 2

**अथवा**

लेखिका के बच्चों के विषय में तातुश ने क्या कहा?

14. मंत्री मास्टर का छात्रों पर क्या प्रभाव पड़ा? 'जूझ' नामक कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 2

**अथवा**

'सिल्वर वैडिंग' कहानी का कौन सा पात्र सर्वाधिक प्रभावित करता है?



Download from www.cclchapter.com

15. बेबी की जिंदगी में तातुश का परिवार न आया होता तो उसका जीवन कैसा होता? कल्पना करें और लिखें। 4

अथवा

'अतीत में दबे पाँव' के आधार पर मुअनजो-दड़ो के दर्शनीय स्थलों का वर्णन कीजिए।

## खण्ड – 'ब'

16. अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा मात्र प्रश्न **द्वयो** उत्तरं लिखत- 1+1=2

(निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए)

ज्वालामुखपर्वतानां विस्फोटैरपि भूकम्पो जायत इति कथयन्ति भूकम्प विशेषज्ञाः। पृथिव्याः गर्भे विद्यमानोऽग्निर्यदा खनिजमृत्तिकाशिलादिसञ्चयं क्वथयति तदा तत्सर्वमेव लावारसताम् उपेत्य दुर्वारगत्या पर्वताग्रमुखं विदार्य बहिर्निष्क्रामति। धूमभस्मावृत्तं जायते तदा गगनम्! सेल्सियशतापमात्राया अष्टशताटतामुपगतोऽयं लावारसो यदा नदीवेगेन प्रवहति तदा पार्श्वस्थगामा नगराणि वा तदुदरे क्षणेनैव समाविशन्ति। आकाशे उच्छलन्तीभिः शिलाभिर्निहन्यन्ते पिपीलिका इव विवशाः प्राणिनः। ज्वालामुद्गिरन्त एते पर्वता अपि भीषणं भूकम्पं जनयन्ति।

(क) भूकम्पविशेषज्ञाः किं कथयन्ति?

(ख) के लावारसताम् उपेत्य दुर्वारगत्या पर्वताग्रमुखं विदार्य बहिर्निष्क्रामति?

(ग) आकाशे उच्छलन्तीभि शिलाभिः किं भवति?

17. अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा मात्र प्रश्न **द्वयो** उत्तरं लिखत- 1+1=2

(निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए)

पण्डित गोविन्दबल्लभपन्तस्य जन्म उत्तराखण्डस्य अल्मोड़ाजनपदे खूँटानामके ग्रामे सप्ताशीत्यधिकाष्टादशशततमे (1887) वर्षे अभवत्। अस्य पितुः नाम श्रीमनोरथपन्तः आसीत्। पण्डितगोविन्द वल्लभपन्तस्य प्रारम्भिकी शिक्षा तस्य मातामहस्य श्रीबद्रीदत्तजोशीमहोदयस्य गृहे स्थित्वा अभवत् । तस्य मातामहः कस्यचित् आंग्लाधिकारिणः प्रमुखः सहायकः आसीत्। पण्डित गोविन्दबल्लभपन्तस्य उच्चशिक्षा, शिक्षायाः प्रसिद्धे केन्द्रे प्रयागनगरे सम्पन्ना अभवत्। प्रयागनगरे सः श्रेष्ठराजनीतिज्ञानां सम्पर्के आगच्छत्। ततः एव तस्य राजनीतिकं जीवनम् आरब्धम्। विधि शिक्षायाः अध्ययनानन्ते सः अधिवक्तृरूपेण जीविकोपार्जनम आरब्धवान्। समाजोत्थानाय विविधानि कार्याणि कुर्वन् सः जीवनस्य उच्चशिखरं प्राप्तवान्। आरम्भकाले तस्य राजनैतिकं क्षेत्रं उत्तराखण्डमेव आसीत् परं शनैः-शनैः तस्य व्यक्तित्वस्य प्रभावः राष्ट्रव्यापी अभवत्।

(क) पण्डितगोविन्दबल्लभपन्तस्य जन्म कुत्र अभवत्?

(ख) पण्डितगोविन्दबल्लभपन्तस्य प्रारम्भिकी शिक्षा कुत्र अभवत्?

(ग) प्रयागनगरे सः केषां सम्पर्के आगच्छत्?



Download from www.cclchapter.com

18. प्रदत्तं श्लोकं पठित्वा प्रश्न **एकस्य** उत्तरं लिखत- 1

(निम्नलिखित श्लोक से पूछे गए प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए)

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्।।

(क) कस्य चत्वारि गुणाः वर्धन्ते?

(ख) अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः किं किं वर्धन्ते?

19. प्रदत्तं श्लोकं पठित्वा प्रश्न **एकस्य** उत्तरं लिखत - 1

(निम्नलिखित श्लोक से पूछे गए प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए)

रे!रे! चातक सावधानमनसा मित्र! क्षणं श्रूयताम्
अम्बोदाः बहवो वसन्ति गगने सर्वेऽपि नैतादृशाः।
केचिद् वृष्टिभिरार्द्रयन्ति वसुधां गर्जन्ति केचिद् वृथा
यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः।।

(क) कविः चातकं किं कर्तुं कथयति?

(ख) गगने कीदृशाः अम्बोदाः भवन्ति?

20. संस्कृत पाठ्यपुस्तकाधारेण प्रदत्तेषु प्रश्नेषु प्रश्न **द्वयो** उत्तरं लिखत-

(संस्कृत पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित में से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 2+2=4

(क) शतं वर्षाणि कः जनः जीवति?

(ख) हरिशब्दं श्रुत्वा राधा कृष्णं किम् अकथयत्?

(ग) समाजे निर्भरः वर्गः कदा वास्तविकरूपेण सुखी भवेत्?

(घ) नलिन्यै किं बहु रोचते?

21. संस्कृत पाठ्यपुस्तकाधारेण प्रदत्तेषु प्रश्नेषु प्रश्न **द्वयो** उत्तरं लिखत -

(संस्कृत पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित में से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 2+2=4

(क) अरूणाचल प्रदेशे रूपग्रामे कौ निवसतः स्म?

(ख) मण्डूकस्य साफलयस्य कारणं किम् आसीत्?

(ग) वार्षिकोत्सवे के कार्यक्रमाः भविष्यन्ति?

(घ) केषां शरीरे पञ्च धातवः भवन्ति?

22. अधोलिखितेषु पदेषु मात्र **त्रीन** पदानिं चित्वा तेषां वाक्यरचना संस्कृतभाषायां कुरुत-

(निम्नलिखित पदों में से **तीन** पदों की वाक्य रचना संस्कृत में कीजिए) 3

| नेत्रेण, तिष्ठन्ति, पुरा, अम्बोदाः, अध्यापकः, रोचते, लक्ष्यैकदृष्टिः, परितः |
|---|



Download from www.cclchapter.com

23. निर्देशानुसारम् प्रश्नानाम् उत्तरम् लिखत- ½×6=3

(निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए)

(क) 'जगदीशः' पदे सन्धि विच्छेदः अस्ति-

('जगदीशः' पद में सन्धि विच्छेद है-)

(i) जगत् + ईशः (ii) जग + ईशः (iii) जगद् + ईशः

(ख) 'पूर्णः + चन्द्रः' इति विग्रहे सन्धि अस्ति -

('पूर्णः + चन्द्रः' इस विग्रह में सन्धि है-)

(i) पूर्णचन्द्रः (ii) पूर्णश्चन्द्रः (iii) पूरणचन्द्रः

(ग) 'प्रत्येकम्' शब्दे कः समासः अस्ति?

('प्रत्येकम्' शब्द में कौन सा समास है?)

(i) कर्मधारयः (ii) अव्ययीभाव (iii) द्विगुः

(घ) 'वृक्षात् फलानि पतन्ति' अत्र वृक्षात् पदे कारकः अस्ति-

('वृक्षात् फलानि पतन्ति', यहाँ वृक्षात् पद में कारक है-)

(i) सम्प्रदान कारक (ii) अधिकरण कारक (iii) अपादान कारक

(ङ) 'राजन्' शब्दस्य चतुर्थी विभक्ति एकवचने रूपं अस्ति-

('राजन' शब्द का चतुर्थी विभक्ति एकवचन में रूप है-)

(i) राज्ञः (ii) राज्ञाम् (iii) राज्ञे

(च 'भू' धातोः लोट् लकार - प्रथमपुरुष बहुवचने रूपं भवति-

('भू' धातु का लोट् लकार प्रथम पुरुष बहुवचन में रूप होता है-)

(i) भवन्तु (ii) भवानि (iii) भवतु

24. अस्मिन् प्रश्नपत्रे आगतम् श्लोकं वर्जयन कमपि अन्यं कंठस्थं श्लोकं लिखित्वा हिन्दी भाषायां तस्य अनुवादं कुरुत्। 2+2=4

(कोई एक कण्ठस्थ श्लोक, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो, लिखिए और उसका हिन्दी में अनुवाद कीजिए।)

*****



Download from www.cclchapter.com